**Paper / Subject Code: 86543 / Hindi: Post Independent Hindi Literature**

T.Y.B.A.(Sem-VI) July-2023

Hindi: Post Independent Hindi Literature

**समय: 3:00 घंटे** **पूर्णांक 100**

प्रश्न 1. कविता का अर्थ, परिभाषा बताकर उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

निबंध का अर्थ, परिभाषा बताते हुए उसके भेद और तत्वों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 20

क) “हम सब करिश्मों के प्यासे हैं
कोई भी करिश्मा कर दिखलाए
हम खुद क्यूं ले कोई भी निर्णय
हम खुद क्यूं भोगे कोई भी दंड?”

अथवा

“रात किसी का घर नहीं होती
किसी भी बेघर के लिए
किसी घर से निकाल दिए गए बूढ़े के लिए।
मेरे जैसे आवारा के लिए।“

ख) "पाप का यह ब्रह्मास्त्र अतीत में अजेय रहा है और वर्तमान में भी अजय है। कौन कह सकता है कि भविष्य में कभी कोई इसके अजेयता को खंडित कर सकेगा या नहीं?"

अथवा

"मेरा अनुरोध है तुम लोग मेरे इच्छानुसार मनुष्य की आत्मा को बांटोगे और मनुष्य को इस आस्था में मेरे लिए छोड़ दोगे।"

प्रश्न 3. 'सिलसिला' कविता का भाव सौंदर्य व्यक्त कीजिए। 20

अथवा

'उनको प्रणाम' में व्यक्त मानव की संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 4. 'आंगन की पंछी' निबंध में व्यक्त भाव सौंदर्य का वर्णन कीजिए। 20

अथवा

'रसायना और हमारा पर्यावरण' इस निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 5. किन्हीं दो विषय पर टिप्पणीयाँ लिखिए। 05

क) 'यात्री' कविता की संवेदना।

ख) 'पानी में घिरे हुए लोग' कविता का भाव सौंदर्य

ग) मनुष्य और ठग की यथार्थ भाव

घ) 'बाजार दर्शन' का महत्व

***********